**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 23.04.2025 समय : 0705

<><><><><><>

- जम्मू–कश्मीर के पहलगाम मे आतंकी हमले के चलते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सउदी अरब की राजकीय यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौट रहे हैं।
- संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस के अंतिम परिणाम घोषित किए।
- कृषि विभाग की ओर से हैडो में फलो और सब्जियों के मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित।
- साई की ओर से आज से आवासीय योजना में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब की राजकीय यात्रा को बीच में ही रोककर भारत लौट रहे हैं। जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री ने यह फैसला किया। इस हमले में कई लोग मारे गए। प्रधानमंत्री को आज रात को स्वदेश लौटना था। बीच में ही वापस लौटने के बावजूद प्रधानमंत्री की सऊदी अरब यात्रा काफी महत्वपूर्ण रही। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, रक्षा, व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, संस्कृति और लोगों से लोगों के बीच संबंधों सहित सभी क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की। भारत–मध्य पूर्व–यूरोप आर्थिक गलियारे के कार्य की प्रगति पर भी चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने इस पहल पर कार्य में तेजी लाने का साझा दृष्टिकोण और प्रतिबद्धता दोहराई। द्विपक्षीय बैठकों के दौरान दोनों देशों के बीच अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और डोपिंग रोधी क्षेत्र सहित चार महत्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। इस यात्रा की एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रगाढ़ होते द्विपक्षीय संबंधों पर बल देने के लिए रणनीतिक साझेदारी परिषद का विस्तार है, जिसके तहत समितियों की संख्या दो से बढ़ाकर चार कर दी गई।

<><><><><><>

संघ लोक सेवा आयोग, सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस के अंतिम परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इसमें शीर्ष पांच में तीन महिलाएं शामिल हैं। शक्ति दुबे ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार चौबीस में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने वैकल्पिक विषय के रूप में राजनीति विज्ञान और अंतर्राष्ट्रीय संबंध के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। दूसरे स्थान पर एमएस यूनिवर्सिटी बड़ौदा से बी.कॉम. स्नातक हर्षिता गोयल और तीसरे स्थान पर डोंगरे अर्चित पराग रहे। आयोग द्वारा विभिन्न सेवाओं में नियुक्ति के लिए कुल एक हजार नौ अभ्यर्थियों की अनुशंसा की गई है, जिसमें सात सौ पच्चीस पुरुष और दो सौ चौरासी महिलाएं शामिल हैं।

<><><><><><>

इस्पात एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने कल कहा कि भारत दुनिया में कच्चे इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। कल नई दिल्ली में इंडिया स्टील–दो हजार पच्चीस के बारे में जानकारी देते हुए श्री वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि पिछले दस से बारह वर्षों में देश के इस्पात क्षेत्र में तेजी से विकास हुआ है।

<><><><><><>

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार छब्बीस अप्रैल शनिवार को रोम में होगा। दुनिया के कई नेता और गणमान्य व्यक्ति इसमें शामिल होंगे। पोप के ताबूत को आज जनता के दर्शन के लिए वेटिकन शहर के सेंट पीटर बेसिलिका ले जाया जाएगा। पोप फ्रांसिस का निधन अट्ठासी वर्ष की आयु में वेटिकन शहर में उनके निवास पर हुआ था।

<><><><><><><>

कृषि विभाग की ओर से कल हैडो के विभागीय फल संरक्षण इकाई में 'फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन' पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय समुदायों को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अचार बनाने के लिए जायफल के मूल्य संवर्धन पर प्रशिक्षण दिया गया। जायफल पेरिकारप को अचार के रूप में प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन की रणनीतियों की विभिन्न तकनीकों की भी जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को विभिन्न फलों और सब्जियों के मूल्य संवर्धन के लाभों के बारे में भी बताया गया। कार्यक्रम में सूर्या और अंकुर स्वयं सहायता समूहों के सत्रह प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

<><><><><><><>

विश्व पृथ्वी दिवस मनाए जाने के सिलसिले में डॉलीगंज स्थित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने कल 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' विषय के साथ पृथ्वी दिवस मनाया। इस अवसर पर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भातूबस्ती के स्कूली छात्रों को मुंडा पहाड़ समुद्र तट से मुंडा पहाड़ पहाड़ी की चोटी तक ट्रैकिंग के लिए ले जाया गया। इस ट्रैकिंग के दौरान बच्चों को पहाड़ी की वनस्पतियों और उनकी विशिष्टता से अवगत कराया गया।

इस बीच, सुंदरगढ़ ग्राम पंचायत में 'प्राकृतिक खेती' पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम लोगों के बीच पर्यावरण चुनौतियों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से आयोजित हुआ। सुंदरगढ़ के प्रधान ने इस बात पर जोर दिया कि मानव कल्याण और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के सतत विकास के महत्व को तलाशने के लिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता है। इस अवसर पर लोगों को प्राकृतिक खेती के महत्व और प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर जानकारी दी गई।

उधर, कृषि विभाग द्वारा फरारगंज में आयोजित कार्यक्रम में पर्यावरणीय स्थिरता और टिकाऊ कृषि प्रथाओं के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी पर जानकारी दी गई। समारोह के दौरान, किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से अगले महीने द्वीपसमूह की बेरोजगार महिलाओं के लिए एक निःशुल्क ब्यूटी पार्लर और महिला सिलाई पाठ्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा होने पर पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के तहत एस बी आई आरसेती द्वारा आयोजित किया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवारों से आवश्यक योग्यता दस्तावेज के साथ सुबह दस से शाम पांच बजे के बीच संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से दस से चौदह वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आज से आवासीय योजना में प्रवेश के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। भातूबस्ती के सेंट मेरीज़ स्कूल में आज और कल, सीनियर सेकेण्डरी

स्कूल भातूबस्ती में पच्चीस अप्रैल, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गाराचरमा में अट्ठाईस, विटाला पब्लिक स्कूल में उनतीस और बम्बूफ्लाट के सीनियर सेकेएडरी स्कूल में तीस अप्रैल को चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह ट्रायल वाटर स्पोर्ट्स के लिए हैं, जिसमें खेल उपलब्धियों वाले तैराकों को वरीयता दी जाएगी। चयन ट्रायल के बारे में अधिक जानकारी के लिए साई की ई–मेल या इंस्टाग्राम पर संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान उप शिक्षा अधिकारी की ओर से दक्षिण अंडमान शैक्षिक अंचल क्षेत्र के लड़कों के अंडर–17 और अंडर–15 तथा लड़कियों के अंडर–17 के लिए अंतर स्कूल फुटबॉल नॉक आउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा हैं। इस सिलसिले में कल चार सेमीफाइनल और चार क्वार्टर फाइनल मैच आयोजित किए गए। फाइनल मैच पच्चीस अप्रैल को सुबह साढ़े आठ बजे से गर्ल्स स्कूल मैदान में खेले जाएंगे।

<><><><><><><>

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने दो हजार चौबीस–पच्चीस सत्र के लिए जारी अपनी अनुबंध सूची में रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा को ए प्लस श्रेणी में रखा है। श्रेयस अय्यर को बी श्रेणी में और ईशान किशन को सी श्रेणी में रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन की जगह ऋषभ पंत को ए श्रेणी में शामिल किया गया है। नीतीश कुमार रेड्डी, ध्रुव जुरेल, अभिषेक शर्मा, सरफराज खान, आकाश दीप, वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा को सी श्रेणी में रखा गया हैं। बोर्ड ए प्लस श्रेणी के खिलाड़ियों को सात करोड़, ए श्रेणी के खिलाड़ियों को पांच करोड़, बी श्रेणी के क्रिकेटरों को तीन करोड़ और सी श्रेणी के खिलाड़ियों को एक करोड़ रूपये वार्षिक देता है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

भारतीय सेना की ओर से द्वीपसमूह के सुदूर क्षेत्रों में भर्ती अभियान चलाए जाने की खबर को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीपों के साइकिल चालक डेविड बेकहम और सेलेस्टिना के अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग स्पर्धा में पदक जीतने की खबर को **द्वीप समाचार** ने पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। समाज कल्याण विभाग की ओर से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सीपीघाट ग्राम पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने प्रमुखता दी है। अग्नि सुरक्षा और आपदा प्रबंधन पर कार निकोबार के लापाती स्कूल के बनावटी अभ्यास आयोजित किए जाने की खबर को **द इको ऑफ इंडिया** ने पहले पन्ने में जगह दी है। श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष के लिए कल होने वाले चुनाव के लिए एन डी ए और कांग्रेस के उम्मीदवारों के नामों की घोषणा किए जाने की खबर को **द अंडमान एक्सप्रेस – अंग्रेजी** ने पहले पन्ने पर बॉक्स में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>